हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)


**BSEH/SEC/2026** **'प्रेस नोट'** **Circular No.: 11**
**Dated : 18 .08.2026**

**राजकीय मॉडल संस्कृति, पीएम श्री और मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं प्रारंभिक अंग्रेजी स्कूलों में नियुक्ति के लिए शिक्षकों व स्कूल प्रमुखों के चयन हेतु लिखित परीक्षा–2026**

विद्यालय शिक्षा निदेशालय, पंचकूला (हरियाणा) की ओर से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति, पीएम श्री और मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं प्रारंभिक अंग्रेजी स्कूलों में नियुक्ति के लिए शिक्षकों व स्कूल प्रमुखों के चयन हेतु लिखित परीक्षा–2026 का आयोजन दिनांक 22.08.2026 को बाद दुपहर 02:00 बजे से 03:30 बजे तक प्रशासनिक मण्डल स्तर (Commissionery Level) पर किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त इस परीक्षा से संबंधित श्रेणीवार परीक्षा Content Area/Design की जानकारी शिक्षा निदेशालय, पंचकूला की वेबसाइट https://schooleducationharyana.gov.in पर उपलब्ध है। यह परीक्षा HTET की तर्ज पर OMR Based, Pen-Paper Mode में होगी। सभी प्रश्न बहुवैकल्पिक होगें। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा और कोई Negative Marking नहीं होगी।

इस परीक्षा के प्रवेश–पत्र (Admit Card) दिनांक 18.08.2026 से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध होंगे। शिक्षक व स्कूल प्रमुख अपने Employee ID & Mobile Number भरकर अपना प्रवेश–पत्र (Admit Card) डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र (Admit Card) पर दिए गए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर व समझकर उनकी अनुपालना करना सुनिश्चित करेंगे। नेत्रहीन/दृष्टिबाधित/अशक्त अभ्यर्थी जो स्वयं अपने हाथ से लिखने में असमर्थ है व लेखक की सुविधा लेना चाहते हैं उन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) द्वारा जारी मेडिकल प्रमाण–पत्र जिसमें उनकी अशक्तता 40 प्रतिशत या इससे अधिक प्रमाणित की गई है, की सत्यापित प्रति जमा करवानी होगी। ऐसे अभ्यर्थियों को लेखक के मूल एवं सत्यापित दस्तावेज/प्रलेख जैसे शैक्षणिक योग्यता, जन्म–तिथि, दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो (एक सत्यापित), फोटो युक्त पहचान–पत्र/आधार कार्ड इत्यादि स्थाई/अस्थाई पता सहित स्कूल के प्राचार्य/प्रतिनिधि से सत्यापित करवाने उपरान्त परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा से एक दिन पूर्व पहुंचकर केन्द्र अधीक्षक से लेखक की स्वीकृति लेना सुनिश्चित करेंगे। ऐसे नेत्रहीन/दृष्टिबाधित/अशक्त अभ्यर्थी चाहे वो लेखक की सुविधा ले रहे हैं अथवा नहीं को 20 मिनट प्रति घण्टा के हिसाब से कुल 30 मिनट का अतिरिक्त समय भी देय होगा, यदि अभ्यर्थी ऐसा चाहता है। इससे संबंधित **SPL-1** प्रोफार्मा बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। लेखक के लिए शैक्षिक योग्यता सीनियर सैकेण्डरी से अधिक नहीं होनी चाहिए।

विषयांकित परीक्षा के प्रवेश–पत्र (Admit Card) से संबंधित अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु हेल्पलाईन नं0 01664–254305 व ई–मेल assplexam@bseh.org .in पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**सचिव**